प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- भीलवाडा, चित्तौडगढ, टोंक और कोटा जिले सहित कई स्थानों पर भारी बारिश हुई–आज अजमेर, नागौर और पाली में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनीं

- मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के आर श्रीराम को राजस्थान उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया हैं

- प्रदेश में गांवों को पॉलिथिन मुक्त करने के लिए 2 अक्टूबर से अभियान चलाया जायेगां

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं

00000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में आधा दर्जन शहरों में भारी बारिश दर्ज की गई हैं भीलवाड़ा, चित्तौडग़ढ़, टोंक और कोटा में 5 से 7 इंच बारिश हुई अधिकांश जगहों पर कल से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी चल रहा हैं राजधानी जयपुर में लगातार कभी तेज तो कभी हल्की बरसात की झडी लगी हुई हैं लगातार हो रही बरसात से नदी नाले उफान पर हैं कई गांवों और कस्बो का मुख्य मार्गो से संपर्क कट गया हैं बारां में पार्वती, बरनी, कटफाड और सुखार नदी में पानी चलने से कई रास्ते अवरूद्ध हैं जलवाडा कस्बा टापू में तब्दील हो गया हैं भरतपुर के बारेठा बांध में 28 फीट तक पानी आ गया हैं इसकी भराव क्षमता 29 फीट हैं बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही हैं सवाईमाधोपुर में ईरसदा बांध से बनास नदी में पानी की निकासी की जा रही हैं उधर चम्बल नदी का जलस्तर बढने से पाली, सेंवती, धर्मपुरी, सोनकच्छ और बोहना गांव में प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं कोटा में भारी बारिश से नदिया उफान पर हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां पिछले 24 घंटों में कई क्षेत्रों में वर्षाजनित हादसे हुएं

.......

धौलपुर में कोटा बैराज से छोडे गये पानी के बाद चम्बल नदी के किनारे बसे गांवों में हाई अलर्ट घोषित किया हैं

......

तेज बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं एसडीआरएफ की टीमें बचाव कार्यो में जुटी हैं पाली और कोटा में तेज बारिश को देखते हुए स्कूलों में विद्यार्थियों का आज का अवकाश घोषित किया गया हैं मौसम विभाग ने अजमेर, नागौर और पाली के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं इन जिलों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती हैं भीलवाडा, बूंदी, चित्तौडगढ, कोटा, राजसमंद, सिरोही और बीकानेर, जालौर और जोधपुर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट हैं यहां तेज बरसात की संभावना हैं

00000

मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के आर श्रीराम को राजस्थान उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया हैं सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केन्द्र सरकार ने राजस्थान उच्च न्यायालय के वर्तमान सी जे– एमएम श्रीवास्तव का मद्रास हाईकोर्ट में तबादला किया हैं राष्ट्रपति भवन से इनकी नियुक्ति के वांरट जारी किये गये हैं गौरतलब है कि के आर श्रीराम ने मुम्बई विश्वविद्यालय से एलएलबी करने के बाद लंदन से समुद्री विज्ञान में एलएलएम कियां वे जुलाई 1986 को महाराष्ट्र और गोवा बार कौंसिल में वकील के रूप में पंजीकृत हुएं उन्हें 21 जून, 2013 को बॉम्बे हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गयां जस्टिस श्रीराम को 21 सितंबर 2024 को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया थां

0000

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह 17 जुलाई को प्रदेश दौरे पर रहेंगें वे जयपुर के दादिया गांव में प्रस्तावित सहकार औरं रोजगार उत्सव में भाग लेंगें उनके दौरे के मद्देनजर सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कल जयपुर में तैयारियों की समीक्षा कीं उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिएं उन्होंने कार्यक्रम में हर जिले और सहकारी संस्था से प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहां साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर आगन्तुकों के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के भी निर्देश दिएं

000

केन्द्रीय इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्री निवास वर्मा ने कल सिरोही जिले के प्रवास पर रहें उन्होंने आकांक्षी जिले सिरोही में विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन कियां ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और सम्बन्धित अधिकारियों को पाइपलाईन बिछाने से टूटी सड़कों की मरम्मत करवाने के निर्देश दियें

00000

प्रदेश में गांवों को पॉलिथिन मुक्त करने के लिए 2 अक्टूबर से अभियान चलाया जायेगां पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कल जयपुर में पंचायती राज भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिएं उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव राज्य सरकार की प्राथमिकता हैं उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों को अभियान की तैयारी शुरू करने को कहां श्री दिलावर ने जिन ग्राम पंचायतों में सफाई के टेंडर हो चुके है, वहां 1 अगस्त तक नियमित सफाई शुरू करने के निर्देश दिएं

00000

प्रदेश को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के साथ प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब बनाया जायेगां इसके लिए हील इन राजस्थान नीति 2025 लायी जायेगीं राज्य मंत्रिमंडल की कल जयपुर में हुई बैठक में ये फैसला लिया गयां बैठक में नीति के प्रारूप को मंजूरी दी गई यह नीति प्रदेश को सुलभ, किफायती लागत और भरोसेमंद मेडिकल वैल्यू ट्रेवल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगीं

.....

00000

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी यह वापसी 18 दिन बाद हो रही हैं चारो अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स ड्रैगन से 22 घंटे की वापसी यात्रा कल शुरु कीं अनुमान है कि ये लोग आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे कैलिफोर्निया के तट पर उतरेंगें

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम 27 जुलाई को होगां ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगीं श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिया जा सकता हैं वहीं नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगां इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगीं

00000